# तू सुमिरन कर राधे राधे भजन लिरिक्स

तू सुमिरन कर राधे राधे,
तेरे कष्ट सभी मिट जाएंगे,
राधा के पीछे श्याम स्वयं,
तेरे द्वार पे दौड़े आएँगे,
तू सुमिरण कर राधे राधे,
तेरे कष्ट सभी मिट जाएंगे।bd।

तर्ज – श्यामा आन बसों वृन्दावन में।

---

राधा बिन सूना सांवरिया,
राधा बिन सूनी बाँसुरिया,
राधा बिन भक्ति रस सूना,
हम राधा के गुण गाएंगे,
तू सुमिरण कर राधे राधे,
तेरे कष्ट सभी मिट जाएंगे।bd।

---

ब्रजमंडल की गरिमा राधा,
राधा बिन प्रेम शब्द आधा,
कितना भी कृष्ण का ध्यान धरो,
बिन राधा याद नहीं आएँगे,
तू सुमिरण कर राधे राधे,
तेरे कष्ट सभी मिट जाएंगे।bd।

---

ब्रजवास यदि तुम चाहोगे,
तो राधे राधे गाओ रे,
श्री राधे कृपा जो कर देंगी,
तो कृष्ण तुम्हे अपनाएंगे,
तू सुमिरण कर राधे राधे,
तेरे कष्ट सभी मिट जाएंगे।bd।

---

तू सुमिरन कर राधे राधे,
तेरे कष्ट सभी मिट जाएंगे,
राधा के पीछे श्याम स्वयं,
तेरे द्वार पे दौड़े आएँगे,
तू सुमिरण कर राधे राधे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com